हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 23 दिसंबर 2024

## सेवानिवृत्त पुलिस डॉग 'राजा' की हुई मौत

**नागपुर.** शहर पुलिस दल के सेवानिवृत्त पुलिस डॉग "राजा" का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उसका अंतिम संस्कार पुलिस मुख्यालय के श्वान पथक क्षेत्र में पूरे सम्मान के साथ किया गया। श्वान 'राजा' का निधन उनके हैंडलर राजेश बेलोकार के घर बोरगांव में हुआ, जहां वह पिछले कुछ वर्षों से अपने परिवार के सदस्य की तरह रह रहा था।

'राजा' ने 4 मई 2011 को बॉम्ब डिस्पोजल और नाशक पथक में भर्ती होकर अपनी सेवा शुरू की थी। श्वान प्रशिक्षण केंद्र पुणे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, मार्च 2012 से वह नागपुर शहर के बॉम्ब डिस्पोजल और नाशक पथक में सक्रिय रूप से कार्यरत था। अपनी सेवाओं के दौरान उसने कई उच्च अधिकारियों जैसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और अन्य वीवीआईपी के आगमन, कार्यक्रमों और काफिलों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# समझ की कमी के कारण होते हैं धर्म के नाम पर उत्पीड़न: मोहन भागवत

**नागपुर.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार, धर्म की गलतफहमी और समझ की कमी के कारण हुए. महाराष्ट्र के अमरावती में 'महानुभाव आश्रम' के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म महत्वपूर्ण है, और इसे उचित तरीके से पढ़ाया जाना चाहिए.

मोहन भागवत ने कहा कि धर्म का अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है. धर्म के नाम पर दुनियाभर में होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार वास्तव में धर्म को लेकर गलतफहमी और समझ की



कमी के कारण हुए.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने धर्म की सही शिक्षा और इसके महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि धर्म का अपूर्ण और अनुचित ज्ञान अधर्म को जन्म देता है, इतिहास गवाह है कि धर्म के नाम पर जो भी अत्याचार हुए, वे वास्तव में धर्म की गलत समझ और इसकी अपर्याप्त जानकारी के कारण हुए.

उन्होंने कहा कि धर्म का सही और समग्र ज्ञान ही मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है. मोहन भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि धर्म के सिद्धांतों को सही तरीके से समझाया और सिखाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि धर्म की अधूरी समझ मानवता के लिए घातक है, धर्म का उद्देश्य मानव कल्याण है.

## एआईएमआईएम ने रायका अलमास का किया स्वागत

**नागपुर.** एआईएमआईएम उत्तर नागपुर टीम की ओर से आज हाफिज अब्दुल बासित की बेटी, रायका अलमास का भव्य स्वागत किया गया। रायका अलमास ने नागपुर विश्वविद्यालय से एमएससी (केमिस्ट्री) में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल हासिल कर अपने माता-पिता और शहर का नाम रोशन किया। उत्तर नागपुर के एआईएमआईएम पूर्व अध्यक्ष नसीम अख्तर और पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अंसारी ने इस उपलब्धि पर रायका अलमास और उनके पिता हाफिज अब्दुल बासित का सम्मान किया। रायका की इस सफलता से संघर्ष नगर के निवासियों



को गर्व महसूस हुआ। बस्ती के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में नागपुर शहर के पूर्व उपाध्यक्ष वक्रुद्दीन अंसारी, उत्तर नागपुर के पूर्व अध्यक्ष नसीम अख्तर, पूर्व उपाध्यक्ष कलीम अंसारी, माजिद खान, हाफिज अख्तर आलम अशरफी, शेर खान, वकील भाई, निजाम भाई समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने रायका अलमास की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे शहर और समाज के लिए गर्व की बात है।

# राजस्व अधिनियम में संशोधन की जरूरत: बावनकुले

**नागपुर.** नवनिर्वाचित राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह राजस्व कानून में सुधार के लिए काम करेंगे, जो समाज के अंतिम व्यक्ति से संबंधित है. उन्होंने राहुल गांधी के परभणी दौरे की आलोचना की. मुझे राजस्व विभाग का प्रभार दिया गया है, सभी राजस्व कानून इस तरह से काम करने वाले हैं कि किसान समाज का अंतिम व्यक्ति है और राजस्व खाते में सुधार की जरूरत है। आज एक छोटी सी वजह से विकास परियोजना रुक गयी है. आइए इसे आगे बढ़ाएं, 86,000 हेक्टेयर झाड़ वन दर्ज किया गया है। इसी के तहत मामला हाई कोर्ट में चल रहा है. बावनकुले ने यह भी कहा कि



झाड़ियों वाले जंगल को जल्द ही साफ कर दिया जाएगा।

विदर्भ में जंगली वन भूमि के कारण विकास परियोजना रुकी हुई है। हम महाराष्ट्र सरकार की ओर से हाई कोर्ट में पैरवी करेंगे. बावनकुले ने यह भी कहा कि वह रेत माफिया को रोकने की कोशिश करेंगे और लोग घर बैठे देख सकते हैं कि देश में क्या सुविधा दी गई है। आइए बदलाव करके लोगों को राहत दें जिससे लोगों की निराशा रुके। बावनकुले ने यह भी कहा कि राजस्व विभाग की ओर से परेशानी बंद हो जायेगी. अगर 12 जिलों में कोई मंत्री नहीं है तो भी पालक मंत्री का पद उसी तरह आवंटित किया जाएगा जैसे खातों का आवंटन किया गया था. संतोष देशमुख के परिवार को सांत्वना देने मसजोग गए शरद पवार शायद अपनी उम्र के कारण चिकित्सा स्थितियों के कारण आराम कर रहे हैं। यह कोई आलोचना नहीं है. महायुति में भुजबल का बड़ा स्थान है. बावनकुले ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे उनके राजनीतिक जीवन के बारे में सही निर्णय लेंगे।

# 'बार्टी' का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया

> बार्टी की योजनाओं और संवैधानिक अधिकारों पर मार्गदर्शन

**नागपुर.**

डॉ. बाबासाहब आंबेडकर शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (बार्टी) के नागपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत संचालित सरकारी पिछड़ा वर्ग छात्रावास में बार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंच पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की एडवोकेट सुरेखा बोरकुटे, छात्रावास प्रमुख रजनी वैद्य, परियोजना प्रबंधक अनिल वालके और बार्टी के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज, छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुई।

नागेश वाहुरवाघ ने अपने प्रस्ताविक भाषण में बार्टी के उद्देश्यों और योजनाओं की जानकारी दी। बार्टी, सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग, महाराष्ट्र सरकार की एक स्वायत्त संस्था है। इसे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सामाजिक समता के विचार को आमजन तक पहुँचाने और शोध व प्रशिक्षण के उद्देश्य से 22 दिसंबर



1978 को "समता विचारपीठ" के नाम से मुंबई में स्थापित किया गया था। 2008 से यह पुणे में "डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (बार्टी)" के नाम से कार्यरत है। परियोजना प्रबंधक अनिल वालके, सुनीता झाड़े और शीतल गडलिंग ने बार्टी की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बार्टी के अंतर्गत ओवरसीज प्लेसमेंट प्रोग्राम, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर राष्ट्रीय अनुसंधान फेलोशिप, गैर-निवासी पूर्व प्रशिक्षण (IBPS), MPSC और UPSC के लिए आर्थिक सहायता और अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

परियोजना अधिकारी सलमान शेख और तुषार सूर्यवंशी ने बताया कि बार्टी के अंतर्गत लर्नेट स्किल्स लिमिटेड, IGTR, टाटा स्ट्राइव, और राष्ट्रीय फसलोत्तर तकनीक जैसी संस्थाओं के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रशिक्षण, आवासीय प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम और जिला स्तरीय मेले शामिल हैं।

इस अवसर पर एडवोकेट सुरेखा बोरकुटे ने छात्रों को जाति प्रमाण पत्र और नौकरी के लिए आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सरकारी नौकरी के लिए कानूनी और सामाजिक नियमों का पालन करने और साइबर अपराध व नशे से बचने की सलाह दी। इसके साथ ही संवैधानिक अधिकारों और न्याय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन रणर खोब्रागड़े ने किया और आभार प्रदर्शन रजनी वैद्य ने किया। इस दौरान खुशाल ढाक और सरिता महाजन ने छात्रों को बार्टी की योजनाओं से संबंधित पत्रक वितरित किए।

## पुलिस ने 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान तस्कर को किया गिरफ्तार

**नागपुर.** नागपुर में देर रात ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' की स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म देखने वालों को वास्तविक जीवन का एक दृश्य देखने को मिला, जब पुलिस ने मल्टीप्लेक्स में धावा बोला और हत्या तथा मादक पदार्थों की तस्करी के लिए वांछित एक कुख्यात गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया।

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, विशाल मेश्राम, जो 10 महीने से भगोड़ा है और उसके खिलाफ दो हत्याओं और पुलिस के खिलाफ हिंसा के इतिहास सहित 27 मामले दर्ज हैं, को गुरुवार को फिल्म के क्लाइमेक्स के दौरान थिएटर के अंदर से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने थियेटर में प्रवेश किया और फिल्म देखने में तल्लीन गैंगस्टर को तुरंत गिरफ्तार कर लिया, तथा उसे विरोध करने का कोई मौका नहीं दिया। आधी रात के बाद हुई इस नाटकीय गिरफ्तारी से दर्शक स्तब्ध रह गए, लेकिन उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पीटीआई के अनुसार,



मेश्राम फिलहाल नागपुर सेंट्रल जेल में बंद है और जल्द ही उसे नासिक की जेल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अल्लू अर्जुन अभिनीत तेलुगु भाषा की एक्शन फिल्म 'पुष्पा 2' 5 दिसंबर को रिलीज हुई और 17 दिनों में 1029.90 करोड़ रुपये की कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।

यह फिल्म अब तक की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है और दुनिया भर में सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनने की ओर अग्रसर है, जिसके लिए इसे दुनिया भर में 2000 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई करनी होगी। यह पहले ही वैश्विक स्तर पर 1500 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है ।

## नाबालिग को छत्तीसगढ़ से सकुशल बरामद किया

**नागपुर.** कलमना पुलिस थाना क्षेत्र के एक 16 वर्षीय नाबालिग को, जो कि घर से बिना बताए फरार हो गया था, छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव से सकुशल बरामद किया गया। इस मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस के मानव तस्करी रोकथाम टीम के अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, कळमना पुलिस थाना परिसर में रहने वाले 43 वर्षिय पुलिस शिकायत की थी कि उन्होंने 12 नवम्बर 2024 को अपने बेटे को मोबाइल देखने से मना किया था, जिससे नाराज होकर उनका बेटा घर से बिना कुछ बताए निकल गया। बाद में जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो पीड़ित ने पुलिस से उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

क्राइम ब्रांच के मानव तस्करी रोकथाम टीम के अधिकारियों ने तकनीकी जानकारी और सूचना के आधार पर नाबालिग का पता लगाया और पाया कि वह राजनांदगांव में है। इसके बाद पुलिस की टीम ने वहां इस बालक को रेस्क्यू किया। नागपुर में लाने के बाद इस नाबालिग का समुपदेशन किया गया और उसे कळमना पुलिस के हवाले किया गया। इस कार्रवाई में मपोनि. ललीता तोडासे, सफौ. राजेंद्र अटकाळे, पोहवा. सुनिल वाकडे, पोअं. ऋषी डुमरे और विलास चिंचुलकर ने अहम भूमिका निभाई।

## नंदनवन में रिवाल्वर दिखाकर लूटपाट का मामला

**नागपुर।** नंदनवन थाना परिसर में स्टूडियो संचालक को रिवाल्वर की नोंक पर लूटने का मामला सामने आया है। विधान परिषद में कांग्रेस विधायक एड.अभिजीत वंजारी ने इस सवाल को उठाकर नंदनवन थानेदार विनायक कोली के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। नंदनवन सीमेंड रोड पर नरेंद्र गोतमारे का फोटो स्टूडियो है। 16 दिसंबर की रात 8 बजे एक नकाबपोश युवक स्टूडियो में आया। उसने गोतमारे को फोटो निकालने को कहा। गोतमारे युवक को स्टूडियो के भितर ले गए.

# गैस सिलेंडर के धमाके में पति-पत्नी समेत 4 घायल

>दो बच्चों की हालत गंभीर

**नागपुर।** इमामवाड़ा स्थित आयसोलेशन अस्पताल के पास एक घर में घरेलू गैस सिलेंडर के धमाके से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में पति-पत्नी समेत दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। सभी घायलों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। घटना बुधवार रात करीब साढ़े सात बजे की है। पुलिस के अनुसार, सुरेंद्र पाल और उनकी पत्नी रमा पाल अपने



11 वर्षीय बेटी और 13 वर्षीय बेटे के साथ इमामवाड़ा में आयसोलेशन अस्पताल के पास रहते थे। बुधवार शाम जब रमा पाल घर में खाना बना रही थीं, तभी अचानक गैस लीक होने से सिलेंडर में धमाका हो गया। धमाके के दौरान सुरेंद्र पाल और उनके बच्चे रसोई घर में भोजन कर रहे थे। धमाके के कारण रसोई घर में आग लग गई और चारों को गंभीर चोटें आईं।

सिलेंडर के धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजने में मदद की। चारों घायल व्यक्तियों को मेडिकल अस्पताल के वार्ड नंबर 4 में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और गैस लीक होने के कारण की तलाश की जा रही है।

## सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई कार

**नागपुर.** वाडी पुलिस थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना 21 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे के दौरान उस समय हुई जब प्रविण कृष्णाजी नागपूरे (38) अपनी महेन्द्र झायलो कार (क्र. एम.एच 28 वी 3338) से वाडी गुरुद्वारा के पास से गुजर रहे थे। उसी समय आरोपी अशोक नामक ट्रक चालक ने अपनी अशोक ले-लैण्ड कंपनी के ट्रक को बिना किसी संकेत के सड़क पर खड़ा कर दिया।


इस कारण कार चालक का वाहन ट्रक से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को तत्काल उनके मित्रों द्वारा पंडागळे हॉस्पिटल वाडी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। लेकिन सुबह उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें शालीनीताई मेघे हॉस्पिटल, वानाडोंगरी में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, मृतक की मृत्यु सिर में रक्तस्राव के कारण हुई। पुलिस ने फिर्यादी अमोल लिलाधर शहाने (38), जिजामाता नगर निवासी द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत पर वाडी पुलिस थाने में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 285 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**नागपुर.**

घर में जबरदस्ती घुस कर अकेली नाबालिग बालिका से छेड़खानी कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया यह आरोपी विजयदीप लाल कावरे (25) बेसा रोड, हुड़केश्वर निवासी बताया जा रहा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नाबालिग बालिका 17



वर्ष की है और हुड़केश्वर परिसर में रहती है। शुक्रवार सुबह बालिका अपने घर में अकेली थी।

इसी दौरान विजय मौका पाकर उसके घर में घुसा और उसके साथ अश्लील हरकत कर हाथ पकड़ते हुए छेड़खानी की। हालांकि बालिका के चिल्लाने के चलते आरोपी पकड़े जाने के डर से वहां से भाग गया था । इसके बाद इस मामले की शिकायत हुड़केश्वर पुलिस थाने में पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बाद में आरोपी विजय कावरे को ढूंढ कर गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ छेड़खानी और पोस्को अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**नागपुर.** कोराडी पुलिस थाना अंतर्गत सावनेर-नागपूर हाइवे पर एक सड़क दुर्घटना में 51 वर्षीय रविंद्र राम पाटील नामक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविंद्र पाटील अपनी एक्टिवा (एमएच 49 सीजी 3074) पर सवार थे, जब उनका वाहन असल गावरानी नामक ढाबे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद, स्थानीय लोगों ने उन्हें बेशुद्ध अवस्था में देखा और तत्काल मॅक्स अस्पताल में उपचार के लिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में, फिर्यादी प्रशांत रामभाऊ पाटील, जो मृतक के भाई हैं.

# कुख्यात अपराधी विशाल मेश्राम लगा पुलिस के हाथ

> एमपीडीए के तहत एक साल से पुलिस कर रही थी तलाश

**नागपुर.**

पाचपावली पुलिस थाने की टीम ने एक कुख्यात अपराधी विशाल विजय मेश्राम को बड़ी शिताफी से पकड़ा और उसे एमपीडीए के तहत एक साल के लिए मध्यवर्ती कारागृह में भेजा। यह कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई, जब आरोपी को पुलिस ने ट्रैक कर उसे गिरफ्तार किया और सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कीं।

विशाल विजय मेश्राम, जो पाचपावली पुलिस थाने के रिकॉर्ड में एक कुख्यात अपराधी के रूप में दर्ज है, के खिलाफ कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, हथियार से हमला, जबरन वसूली, डकैती, चोरी और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे आरोप



शामिल हैं। आरोपी पर लगभग 15 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं और उसका आपराधिक इतिहास बहुत ही विकट रहा है। इन कृत्यों के कारण इलाके में नागरिकों के बीच डर और दहशत का माहौल था।

पुलिस आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ एमपीडीए के तहत आदेश जारी किए गए थे, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था। पुलिस ने 14 फरवरी 2024 को उसके घर पर छापेमारी की थी, लेकिन वह भागने में सफल हो गया था। इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश के लिए तकनीकी उपायों का सहारा लिया और उसे गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

पांचपवाली पुलिस ने एक सफल सर्च ऑपरेशन के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे एमपीडीए के तहत मध्यवर्ती कारागृह में भेज दिया।

# धर्म प्रचार के अलावा अन्य क्षेत्र में समाधा आश्रम का अमूल्य योगदान

> फडणवीस का कथन

**नागपुर.**

समाधा आश्रम ने सिंधी भाइयों को धर्म का नैतिक आधार दिया है. इसके अलावा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनका योगदान अमूल्य है। कई गरीब लोग स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। यशस्वी मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि भारत के विभाजन के बाद सिंधी समुदाय कई शहरों में आया और अपनी उपलब्धियों के माध्यम से भारत की समृद्धि में योगदान दिया।नागपुर में पूज्य समाधा आश्रम का भूमिपूजन



उनके द्वारा किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में वह बोल रहे थे. जरीपटका के कार्यक्रम में लखनऊ के संत हरीशलाल, अयोध्या के नितिन साईं, खटवारी दरबार मेकोसाबाग के संत फकीर, संत सन्मुख दास उदासी ने आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही आश्रम के सेवक कन्हैयालाल मंधान,

### हर कोई किसी न किसी धर्मार्थ गतिविधि से जुड़ा होना चाहिए: फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस बात का जिक्र करते हुए आश्रम के प्रति आभार जताया कि आज से आठ साल पहले यानी 20 दिसंबर 2016 को मुझे यहां आश्रम से जुड़ने का मौका मिला था। सेवा है यज्ञ कुण्ड, समिधा सम हम जलें। लक्ष्य के सागर में हम एक दूसरे से मिले। ये पंक्तियाँ हर किसी के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने यह कहकर निष्कर्ष निकाला कि उनका समाध आश्रम सिखाता है कि हर किसी को किसी न किसी धर्मार्थ गतिविधि से जुड़ा होना चाहिए।

संजय बत्रा, दर्शन कुकरेजा, फतन गोपचंदानी, मोहन सचदेव, डिम्पी जेसवानी, रवि तिलवानी, साधन सहकारी बैंक के अध्यक्ष घनश्याम कुकरेजा, डॉ. रिंकी रुघवानी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। आश्रम के यज्ञ कुंड में सभी को योगदान देना चाहिए। लोगों की भागीदारी से ही पूज्य समाधा आश्रम की परोपकारी गतिविधियों को ताकत मिलेगी।

## टाटा एस गाड़ी चालक ने दो मोपेड सवारों को कुचला

>वृद्ध की मौत, महिला घायल

**नागपुर.** वाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत वानाडोंगरी रोड स्थित नांगलवाड़ी में एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। यह घटना वाड़ी वानाडोंगरी रोड पर स्थित एक होटल के पास घटी।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, मारोत पंढरी नेहारे (62), जो इसेंस इंटरनेशनल स्कूल, नागलवाड़ी में गार्डनिंग का काम करते थे, अपनी एक्टिवा बाइक से अपनी सहकर्मी नलीनी लक्ष्मण सराटे (45) को लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक टाटा एस वाहन के चालक योगेंद्र रामरुख तिवारी (54) ने अपनी गाड़ी को तेज और लापरवाही से चलाते हुए अचानक उनकी मोपेड गाड़ी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मारोतराव पंढरी नेहारे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए शालीनीताई मेघे अस्पताल हिंगणा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, नलीनी लक्ष्मण सराटे का इलाज जारी है। फिर्यादी अतुल मारोत नेहारे (32 ) के बयान पर वाड़ी पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी योगेंद्र रामरुख तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

CMYK

# संजय गांधी अनुदान योजना की राशि बढ़ाने की मांग

> वरिष्ठ नागरिक अनुदान योजना के बकाया 200 दिये जाएं

**कोंढाली.**

राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को अपना सामाजिक कर्तव्य मानती है। महाराष्ट्र में 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरुषों और महिलाओं को 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है। इन नागरिकों के लिए राज्य और केंद्र सरकार विभिन्न योजनाएं लागू करती है, जिनमें 'वृद्धाश्रम', 'मातोश्री वृद्धाश्रम', पहचान पत्र, बस किराए में रियायत, संजय गांधी निराश्रित अनुदान योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना और अन्य योजनाएं शामिल हैं।

हालांकि, कटोल तालुका में संजय गांधी निराधार अनुदान योजनाओं के तहत इंदिरा गांधी वरिष्ठ नागरिक अनुदान में 200 रुपये की केंद्र सरकार की सब्सिडी शामिल नहीं है, जिसके कारण यहां के लाभार्थियों को अब तक यह 200 रुपये नहीं मिल पाए हैं। परिणामस्वरूप, उन्हें केवल 1300 रुपये ही मिलते हैं। यह मांग सुधीर गोतमारे, स्वप्निल व्यास, विवेक (रिंकू) चिंचखेड़े, बालकृष्ण पालीवाल, योगेश चाफले, संजय राऊत, कमलेश गुप्ता, रवि जायसवाल, पदम देहनकर, नरेश नागपुरे, गोपाल माकोड़े, निखिल जयस्वाल, राजकुमार चोपड़े, शालिनी भोंगले, पवन पेंदाम, रंजू प्रकाश बारंगे, नलिनी चंद्रशेखर ढोरे, थामस निंभोर्कर, अंकित सिंह चव्हाण, मंगला कालबांडे, आयुष्मान पांडे, किस्मत चौहान, उत्तम काले, याकूब पठाण, बब्लू बिसेन, प्रज्वल धोटे, बाबा राव मालोदे, विकास कामड़ी, प्रमोद अष्टनकर, कुणाल भांगे, शाहिद शेख, मनोज बोंद्रे, दुर्गा प्रसाद पांडे द्वारा की गई है।





**वरिष्ठ नागरिकों को 2500 का अनुदान देना चाहिए**

वृद्धाश्रमों में वरिष्ठ नागरिकों के भोजन, चिकित्सा उपचार और अन्य आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। बढ़ती महंगाई और दवाओं की कीमतों को देखते हुए, यह मांग की जा रही है कि राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों की आयु 60 वर्ष मानकर उन्हें 2500 रुपये का अनुदान देना चाहिए। इसके साथ ही आंगनवाड़ी के बच्चों का स्वास्थ्य सुनिश्चित करने, स्कूली बच्चों को मुफ्त शिक्षा और यात्रा पास प्रदान करने, और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएं। एसटी निगम की बसों की संख्या भी बढ़ाई जाए।

# पोरवाल जूनियर कॉलेज में स्मार्ट रूम व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कामठी:**

सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज मे स्मार्ट रूम का उद्घाटन एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. डिजिटल रूम एवं विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन कामठी पंचायत समिति के केंद्र प्रमुख सचिन बालपांडे, शिक्षण प्रसारक मंडळ के कार्यकारी प्रमुख डॉ. एस.एस. धोंडगे, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण के हस्ते संपन्न हुआ.

इस अवसर पर मंच पर जूनियर कॉलेज के उपप्राचार्य प्रा.डॉ. सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक प्रा. व्ही.बी. वंजारी प्रमुखता से उपस्थित थे. कार्यक्रम के संयोजक प्रा.योगेश मार्चटवार रहे. कार्यक्रम दौरान उपप्राचार्य डॉ.रेणू तिवारी, प्रबंधक स्वप्नील राठोड एवं सभी प्राध्यापक सहित छात्र भी उपस्थित थे.




दरम्यान, सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस प्रदर्शनी में कक्षा 8 और कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल्स प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया.

विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केन्द्र बने रहे. इस प्रदर्शनी में कक्षा 8 और कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित कर सभी की प्रशंसा हासिल की. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण उपप्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल एवं पर्यवेक्षक प्रा. विश्वनाथ वंजारी, संयोजक प्रा. योगेश मार्चटवार ने बताया. उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में कक्षा 8 व 12 के छात्र-छात्राओं ने आवर्तसारिणी के गुण, विद्युत चुम्बकीय प्रेरण, क्षेणीक्त्रम व समांतर क्रम में प्रतिरोध, कार्बन के अपररूप, खाद्य श्रृंखला, बोहर मॉडल, ऊर्जा संरक्षण, विभिन्न प्रकार के चतुर्भज मॉडल आदि प्रदर्शित किए. कार्यक्रम का संचालन प्रा. किरण प्रफुल्ल पुडके एवं आभार प्रदर्शन प्रा.वृंदा मौंदेकर ने व्यक्त किया. परीक्षक के रूप मे प्रा.साजिद सर, प्रा. गेडाम सर, प्रा. हांडा मॅडम उपस्थित रहे.

# बरिएमं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**नागपुर.** परभणी स्थित महामानव डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को खंडित करने वाले आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए, शहीद भीमसैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के लिए जिम्मेदार दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, परिवार को मुआवजे के रूप में 1 करोड़ रुपये दिए जाएं. सोमनाथ सूर्यवंशी का संविधान प्रेमी नागरिकों पर लगाए गए आरोप वापस किया जाए. उपरोक्त मांगो को लेकर बहुजन-रिपब्लिकन एकता मंच की ओर से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम प्रेषित ज्ञापन नागपुर जिलाधिकारी को सौंपा गया. इस मौके पर बहुजन-रिपब्लिकन एकता मंच नागपुर शहर अध्यक्ष और मनपा पूर्व नगरसेविका वंदना भगत के नेतृत्व पर प्रतिनिधिमंडल में भरत जवादे, नंदा गोडघाटे, नरेंद्र चव्हाण, विजय गोडघाटे, रेखा बहादुरे, आशा वानखेड़े, आशा डोंगरे, रत्ना मेंढे आदि शामिल थे.

# श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन

**कोंढाली.**

ठवलेपुरा स्थित अति प्राचीन विठ्ठल रूखमाई देवस्थान द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 से 28 दिसंबर तक कोंढाली में भव्य धर्मोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा और ज्ञानेश्वरी ग्रंथ का सामूहिक पारायण, साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। धर्मोत्सव के दौरान, 21 से 28 दिसंबर तक भागवत वाचक ह.भ.प. गोरक्षनाथ भिल्लारे महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद भागवत कथा का प्रवचन और प्रबोधन किया जाएगा। 26 दिसंबर को माऊली की भव्य पालखी का धर्मोत्सव आयोजित होगा, और 28 दिसंबर को ह.भ.प. पंकज महाराज पवार द्वारा गोपाल काला कीर्तन का आयोजन होगा।







**धार्मिक कार्यक्रम इस प्रकार होंगे**

सुबह 05:30 से अभिषेक
06:00-07:00 काकड़ा
07:30-09:30 श्रीमद् भागवत कथा पारायण
10:00-12:00 एवं 03:30-05:30 श्रीमद्भागवत पुराण कथा
07:30-09:30 ज्ञानेश्वरी ग्रंथ पारायण
13:30-15:00 ज्ञानेश्वरी महापुराण कथा
शाम 06:00-07:00 श्री हरी पाठ
रात्रि 09:00-11:00 श्री हरि कीर्तन
संत गुलाब बाबा आश्रम में भी प्रातः 06:00 से 07:00 तक प्राणायाम एवं योग शिविर आयोजित किया जाएगा।

**कीर्तन महोत्सव का कार्यक्रम**

21 दिसंबर: ह.भ.प. सोपानकाका कालपांडे
22 दिसंबर: ह.भ.प. अनिल महाराज दातार
23 दिसंबर: ह.भ.प. कृष्णा पाटील
24 दिसंबर: ह.भ.प. 108 मौनानंद महाराज
25 दिसंबर: ह.भ.प. शास्त्री चंद्रशेखर महाराज वारे
26 दिसंबर: ह.भ.प. हरिओम महाराज निंभोरकर
27 दिसंबर: ह.भ.प. पंकज महाजन पवार
28 दिसंबर: ह.भ.प. पंकज महाराज पवार के काले के कीर्तन के बाद भव्य महाप्रसाद।

# ताला तोड़कर 66 हजार के सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**हिंगनघाट.** शहर के संत तुकडोजी वार्ड के वेंकटेश नगर में 19 दिसंबर की रात बेडरूम के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी कर ली आलमारी से अज्ञात चोरों द्वारा 66 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चुराने की घटना हुई चोरी घटना खुलासा 20 दिसंबर सुबह 9 बजे सामने आया पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरे ने 19 दिसंबर को अपने परिवार के साथ खाया और बेडरूम में ताला लगाकर नीचे वाले कमरे में सोने के चले गऐ थे सुबह 9 बजे उन्हें बेडरुम का ताला तुटा दिखा उन्हो अंदर जाकर निरीक्षण करने में अलमारी में कपड़े अस्त-व्यस्त पड़े दिखे वहीं निरीक्षन करने देखा कि अलमारी में रखे 66 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए थे.

# सड़क अर्जुनी तहसील को बस स्टैंड का इंतजार

**सड़क अर्जुनी.**

सड़क अर्जुनी तहसील मुख्यालय होने के बावजूद यहां कोई सुसज्जित बस स्टैंड नहीं है. बस स्टैंड नहीं होने से यात्रियों को पेड़ या पान पटरियों का सहारा लेना पड़ रहा है. यहां यात्रियों को धूप, बारिश व ठंड का सामना करते हुए मुख्य सड़क के किनारे बस का इंतजार करना पड़ता है. स्थानीय प्रशासन व संबंधित जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देकर बस स्टैंड का निर्माण कराए. ऐसी मांग की जा रही है. सड़क अर्जुनी तहसील का निर्माण 15 अगस्त 1992 को हुआ. लेकिन तहसील में समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं. तहसील में 108 गांव हैं. सभी गांव तहसील से जुड़े हुए हैं. यहां कई सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, बैंक, दुकानें हैं. मुख्य बस स्टैंड की मांग कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. गोंदिया कोहमारा राज्य राजमार्ग पर सड़क अर्जुनी एक तहसील मुख्यालय है और इसे नगर पंचायत का दर्जा भी प्राप्त है. नवेगांव नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प का बकी गेट यहां से तीन किमी. दूर है. इसलिए तहसील में दूसरे जिलों से आने-जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है. सड़क अर्जुनी से गोंदिया, नागपुर, चंद्रपुर, देवरी तक बसें चलती हैं. यहां से कई यात्री सफर करते हैं. लेकिन इस स्थान पर कोई बस स्टैंड नहीं है, जो एक दुर्भाग्य है. सड़क अर्जुनी में शिव मंदिर के पास एक बहुत पुराना यात्री आश्रय स्थल है.



विद्यार्थियों को मासिक पास छूट की सुविधाः स्कूली विद्यार्थियों को मासिक पास छूट की सुविधा प्रदान की गई है. लेकिन शौचालय, पानी आदि की कोई सुविधा नहीं है. कभी-कभी बस यहां रुकती भी नहीं है. जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है. दूसरा विनती बस स्टैंड दुर्गा चौक के पास दिया गया है. वहां एक तरफ नीम का पेड़ है. यात्रियों को उस पेड़ के नीचे खड़े होकर और दूसरी तरफ मेडिकल दुकान के सामने बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है, जबकि दूसरी तरफ पानटपरी के सामने और पेड़ के नीचे बैठकर बस का इंतजार करना पड़ता है.

कुल मिलाकर यात्रियों को गर्मी, ठंड, बारिश सब झेलना पड़ता है.

# कई बीमारियों से जूझ रही हैं महिलाएं

> 4,42,257 महिलाओं की जांच कर दिये आवश्यक सुझाव

**गोंदिया :**

जिला स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से कराए गए सर्वे में फिर यह बात साबित हो गई कि हमेशा अपने घर और परिवार के सदस्यों का ख्याल रखने वाली महिलाएं अपनी सेहत की ओर नजरअंदाज करती नजर आती हैं. जिले की 4,42,257 महिलाओं की जांच कर आवश्यक प्रयोगशाला परीक्षण किए गए. एनीमिया, 17,623 महिलाओं को उच्च रक्तचाप, 9,428 महिलाओं को मधुमेह और 3,180 महिलाओं को थायराइड समस्या है. बदलती जीवनशैली के कारण कई लोगों में थायराइड की बीमारी बढ़ती जा रही है. यह बीमारी खासकर महिलाओं में आम हो गई है. पुरुषों की तुलना में यह बीमारी महिलाओं में अधिक है. महिलाएं पुरुषों से ज्यादा कार्य करती हैं. उन पर काम की जिम्मेदारियां भी ज्यादा होती हैं. मासिक धर्म और गर्भावस्था के कारण उनमें हार्मोन्स परिवर्तन होते हैं. इसलिए यह महिलाओं में अधिक आम है. गर्भवती महिलाओं में और प्रसव के बाद 44.3 प्रश. महिलाओं को पहले 3 महीनों के दौरान थायराइड की समस्या होती है. थायरॉयड ग्रंथि गले के क्षेत्र में स्थित होती है और बहुत छोटी होती है. हालांकि, यह शरीर को स्वस्थ रखने और कई बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है. अगर यह ग्रंथि अधिक या धीमी गति से काम करती है तो दोनों अवस्था में परेशानी होती है. जब थायराइड की समस्या होतीहै तो शरीर में एक नहीं बल्कि कई लक्षण दिखाई देते हैं. तरह-तरह की समस्याएं सामने आती हैं. शहरी और ग्रामीण इलाकों में थायराइड की एक नई समस्या सामने आई है. 3 हजार 180 महिलाओं में से 1 हजार 972 महिलाएं हाइपोथायराइड और 1 हजार 208 महिलाएं हाइपर थायराइड पाई गई.



अगर वजन अचानक से बढ़ रहा हो तो थायराइड होने की संभावना होती है. भोजन खाने पर कुछ प्रोटीन या ऊर्जा नहीं मिलती है, तो इसका शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ने की संभावना कम है. शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की कमी के कारण बाल झड़ने लगते हैं. थायराइड की बीमारी होने पर ऐसी महिलाओं को अनियमित पीरियड् की समस्या होने लगती है. यदि किसी महिला का मासिक धर्म 28 दिन का हो तो वह 40 दिन का हो जाता है. चेहरे और आंखों की सूजन, कब्ज थायराइड का एक लक्षण है.

# पंचायत कार्यालय का कामकाज रामभरोसे

**सालेकसा :**

अतिसंवेदनशील, नक्सलग्रस्त महाराष्ट्र के अंतिम छोर पर बसे मध्य प्रदेश तथा तहसील आजादी के 75 साल बाद भी अनेक सुविधाओं से वंचित है. इस तहसील के पंचायत समिति कार्यालय में हमेशा ही अधिकारी व कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच रहे है. सालेकसा तहसील यह सरकारी कार्यालय जिला मुख्यालय से 40 किमी. दूर होने के कारण यहां अधिकारियों की मनमानी हमेशा ही देखने को मिलती है. सोमवार को भी यहां के पंचायत समिति के अधिकारी दोपहर 12.30 बजे तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे. यहां के पंचायत समिति कार्यालय का कामकाज रामभरोसे चल रहा है. सालेकसा तहसील में 92 गांव में 41 ग्राम पंचायत तथा 1 नगर पंचायत का समावेश है. सालेकसा तहसील कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी सोमवार को दोपहर 12.30 बजे तक नहीं पहुंचे थे. जिससे कार्यालय विरान नजर आ रहा था सोमवार यह सप्ताह का प्रथम दिन होने के कारण कामकाज के साथ-साथ तहसील में बाजार का दिन रहता है.




जिससे दूर दराज के लोग यहां अपने अनेक कामों के लिए पंचायत समिति के कार्यों के लिए पहुंचते हैं. लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों को खाली हाथ ही बैरंग लौटना पड़ता है.

गुट विकास अधिकारी एस.जी. पुरी की राह देखने के बाद भी अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे जिससे अनेक नागरिकों को आखिर परेशान होकर घर लौटना पड़ा.

# संगीता अग्रवाल ने किया मंत्री बावनकुले का स्वागत

**कामठी.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक चंद्रशेखर बावनकुले को राजस्व विभाग के कैबिनेट मंत्री बनाने के बाद उनके निवास पर कामठी शहर भाजपा उपाध्यक्ष, नागपुर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष, श्याम बाबा उत्सव समिति आयोजक संगीता सचिन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया.



मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महिलाओं की समानता और सशक्तिकरण से ही हमारा समाज और राष्ट्र सशक्त हो सकता है. विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा में महिला नेतृत्व के महत्व पर जोर दिया.

# नालियों की नहीं हो रही सफाई, नागरिक परेशान

> टाइफाइड व मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

**देवरी.**

शहर के वार्ड क्र. 13 के नालियों की सफाई नहीं होने से नागरिकों के स्वास्थ्य पर विपरित परिणाम होने की आशंका बनी है. यही नहीं नाली में कचरा होने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है. जिससे मच्छर व मक्खी सहित जीव जंतु पनपने की आशंका बढ़ गई है. नगर पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है. इससे नागरिकों में नाराजगी है. नाली की सफाई का मुहूर्त कब निकलेगा, यह सवाल भी नागरिक कर रहे हैं. सड़कों व नालों के चल रहे निर्माण से एक ओर जहां शहर में विकास की गंगा बह रही है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है. स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्थानीय स्वराज्य संस्था लगातार लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर रही है. लेकिन प्रतीत होता है कि देवरी नगर पंचायत साफ-सफाई को लेकर उदासीन है. वार्ड में नालियां गंदे पानी से भरी होने के कारण उनमें मच्छर पनप रहे हैं. इससे टाइफाइड और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है. वार्ड क्र. 13 क्षेत्र के नागरिकों की मांग है कि यहां के नालियों की सफाई कराई जाए, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.



# सावनेर में बढ़ती चोरियों से व्यापारी परेशान

> व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सावनेर.**

शहर में पिछले कई दिनों से चोरों द्वारा दुकानों में चोरी की बढ़ती घटनाएं सामने आ रही है. स्थानीय व्यवसायी प्रा.डॉ. योगेश पाटिल की दुकान तुलजाई ऑनलाइन वर्क का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैफिक के शोर या कुछ दूसरे कारण चोर दो से तीन मिनट में ही वहां से निकल गए और चोरी होने से बच गई। सी सी टी व्ही मे देखने पर पता चला कि रात करीब एक बजे दो दोपहिया वाहन तुलजाई ऑनलाइन शॉप के सामने आए।

गड़करी चौक स्थित गड़करी कॉम्प्लेक्स में छह चोर आए तथा उतरकर सीधे इस ऑनलाइन शॉप के सामने पहुंचे और शटर तोड़कर अंदर घुस गए। अन्दर जाते ही दोनों वापस आये और दो-तीन मिनट में ही निकल गये.

सुबह होते ही क्षेत्र के नागरिकों ने पाटिल को फोन कर सूचना दी कि आपकी दुकान का शटर खुला हुआ है. पाटिल तुरंत मौके पर पहुंचे और उनके बड़े भाई व्यापार संघ के अध्यक्ष पाटिल भी मौके पर आए और पुलिस इंस्पेक्टर उमेश पाटिल को फोन पर पूरी जानकारी दी. पुलिस इंस्पेक्टर पाटिल ने मौके पर आकर घटना की पूरी जानकारी ली.



**अधिक पुलिस की मौजूदगी बढ़ाये जाने की मांग की**

शहर में लगातार हो रही इस तरह की घटना से पूरे शहर के व्यापारी त्रस्त हैं, व्यापारी संघ की ओर से ज्ञापन दिया गया कि चौक चौक पर अधिक से अधिक पुलिस की मौजूदगी बढ़ाये जाने की मांग की.इस अवसर पर व्यापारी संघ सावनेर के उपाध्यक्ष राहुल बारई, सदस्य घटे, बनाईत सह पदाधिकारी उपस्थित थे.

# ब्रिलियंट स्कूल में कर्मयोगी गाडगे बाबा को श्रद्धांजलि

**हिंगनघाट.**

विद्या विकास शिक्षण संस्था हिंगनघाट द्वारा संचालित ब्रिलियंट स्कूल हिंगनघाट में कर्मयोगी गाडगेबाबा को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर ब्रिलियंट स्कूल हिंगनघाट के प्रधानाध्यापक अभय दांडेकर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने गाडगे महाराज के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की और उनका अभिनंदन किया। अध्यक्षीय भाषण में अभय दांडेकर ने कहा कि हर किसी को गाडगेबाबा के विचारों का इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि गाडगेबाबा की शिक्षाओं के अनुसार आचरण करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विद्या येनोरकर ने किया तथा कार्यक्रम की सफलता में सभी शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।



# सचिव पद पर प्रदीप घुमडवार की नियुक्ति

**नागपुर.**

देश में मराठी पत्रकारों की मातृ संस्था मानी जाने वाली राज्य की एकमात्र संस्था अ. भा. मराठी पत्रकार परिषद के नागपुर विभागीय सचिव पद पर दैनिक लोकमत के कुही तहसील प्रतिनिधि तथा नागपुर जिला मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रदीप घुमडवार की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति अ. भा. मराठी पत्रकार परिषद के मुख्य विश्वस्त एस. एम. देशमुख, विश्वस्त किरण नाईक, और शरद पाबळे के मार्गदर्शन में अध्यक्ष मिलिंद आष्टीवकर द्वारा पुणे में आयोजित परिषद की बैठक में की गई।

मराठी पत्रकार परिषद की संगठनात्मक संरचना में विभागीय सचिवों का विशेष महत्व है। वे अपने विभाग में संगठन के काम को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिला और तालुका संघों से संपर्क और समन्वय बनाए रखते हैं। परिषद के उपक्रमों को अपने विभाग में लागू करने का कार्य भी विभागीय सचिव करते हैं। संक्षेप में, विभागीय सचिव परिषद की आँखें और कान के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए, परिषद के पदाधिकारियों ने नागपुर विभाग के लिए प्रदीप घुमडवार को सचिव पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर प्रदीप घुमडवार ने आभार व्यक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर जिले के सभी तालुका पत्रकार संघों ने उन्हें बधाई दी है।



# युवाओं ने किया रक्तदान

**उमरेड.** उमरेड यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा महोत्सव 2024 के तहत रक्तगट जांच तथा रक्तदान शिविर उमरेड शहर के पब्लिक हाईस्कूल में लिया गया. शिविर में कुल 105 लड़कियों की रक्तगट जांच की गई. इसमें लाइफ लाइन ब्लड बैंक नागपुर तथा टीम का विशेष सहकार्य मिला. समारोह में प्रमुख उपस्थिति लोटस डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक मिथुन मुले, पब्लिक हाईस्कूल मुख्याध्यापक माधव कुसराम, संस्था संस्थापक अनिल कुमार गोविंदानी, अध्यक्ष दीपक पटले, सचिव गौरव रहाटे, संयोजक सचिन कुहिकर, संस्थापक पूर्वाध्यक्ष प्रदीप चिंदमवार, पूर्वाध्यक्ष संजय मौंदेकर आदि की प्रमुखता से उपस्थिति थी.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 147-2 | 240-6 |
| श्रीदेवी नाईट | 667-9 | 229-3 |

# अस्पताल के विकास की मांग

## > अतिरिक्त मांगों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए

**वर्धा.**

भाजपा विधायक राजेश बकाणे ने नागपुर विधानसभा सत्र में मतदाता संघ के विकास के लिए अतिरिक्त मांगों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए, पुलगांव में ग्रामीण रूग्नालय को उपजिला अस्पताल का दर्जा देने की मांग की, उन्होंने अपने ग्यापन में कहा कि, पुलगांव ऊपरी तहसील है और यहां का ग्रामीण रुग्नालय पुलगांव से सटा हुआ है।

नाचनगांव शहर, गुंजखेड़ा, अमरावती जिले के 15 गांवों और पुलगांव से सटे 40 गांवों के मरीज पुलगांव ग्रामीण अस्पताल में आते हैं। विधायक राजेश बकाणे ने आग्रह किया



कि अस्पताल को उप-जिला अस्पताल का दर्जा दिया जाए और क्षेत्र के लोगों को रोगी देखभाल प्रदान की जाए। और विकास निधि की आवश्यकता है। देवली में स्विमिंग पूल, पार्क और प्रमुख सड़कों की भी आवश्यकता है।

### यह विधानसभा क्षेत्र पिछले 25 वर्षों से विकास से वंचित

स्विमिंग पूल, पार्क और पुलगांव नगर परिषद के अंतर्गत कुछ महत्वपूर्ण सड़कें है. राजेश बकाणे ने कहा कि, यह विधानसभा क्षेत्र पिछले 25 वर्षों से विकास से वंचित है, इसलिए उन्होंने हम जैसे नए विधायकों से विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा बोलने का अनुरोध किया है, विधानसभा में विकास के मुद्दों को बहुत कम शब्दों में प्रस्तुत करने के लिए राजेश बकाणे का अभिनंदन किया जा रहा है.

# श्यामसुंदर राठी 'संत गाड़गे बाबा समाज रत्न पुरस्कार' से सम्मानित



**देवली.** 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी के अंतर्गत स्थानीय एसएसएन कॉलेज की राष्ट्रीय छात्र सेना इकाई द्वारा इस वर्ष का 'संत गाडगेबाबा समाज रत्न पुरस्कार' आर्वी के सामाजिक कार्यकर्ता शामसुंदर राठी को प्रदान किया गया. 'संत गाडगेबाबा की पुण्य तिथि' के अवसर पर चिकानी गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसका समापन 20 दिसंबर को हुआ.

संत गाडगेबाबा समाज रत्न पुरस्कार कैप्टन मोहन गुजरकर के मार्गदर्शन में एनसीसी इकाई द्वारा पिछले 12 वर्षों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है। सदर अवार्ड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनीता सोनारे की अध्यक्षता में एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर, सामाजिक कार्यकर्ता इमरान राही, विजय नखले और राजू लभाने की उपस्थिति में दिया गया। श्यामसुंदर राठी एक महान सामाजिक कार्यकर्ता हैं और गरीब दीन दलितों और जरूरतमंद लोगों की लगातार मदद कर रहे हैं। इस कार्य के लिए एनसीसी इकाई ने उक्त पुरस्कार से सम्मानित कर समाज के अन्य लोगों को भी प्रोत्साहन दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एनसीसी अंडर ऑफिसर भाविक अखुद ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन कैडेट सार्जेंट कोमल चितले ने किया।

# पुणे में यशवंतराव दाते स्मृति संस्था का आयोजन

**वर्धा.**

## > भोळे-सुमंत स्मृति पुरस्कार का वितरण कल

वरिष्ठ बुद्धिजीवी डॉ.यशवंतराव दाते मेमोरियल सोसायटी एवं भोळे व डॉ.यशवंत सुमंत की स्मृति में पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार पुणे में आयोजित किया गया है. पुणा के महाराष्ट्र साहित्य परिषद के 91 वे अ.भा. मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष, अनुभवी लेखक लक्ष्मीकांत देशमुख द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

इस मौके पर महाराष्ट्र साहित्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष मिलिंद जोशी, विजया भोळे, माधुरी सुमंत मौजूद रहेंगे. इस समारोह में डॉ. यशवंत सुमंत स्मृति जीवनगौरव पुरस्कार से डॉ. सुनीलकुमार लवटे (कोल्हापुर) को सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा डॉ.भा.एल. भोळे स्मृति वैचारिक साहित्यिक पुरस्कार वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सरफराज अहमद (सोलापुर) को उनकी पुस्तक 'राष्ट्रवाद और भारतीय मुसलमान' के लिए दिया जाएगा। डॉ.भा.ल.भोळे स्मृती सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार गढ़चिरौली जिले के कुरखेडा में कार्यरत आम्ही आमच्या आरोग्यासाठी संस्था की शुभदा देशमुख और डॉ. यशवन्त सुमंत स्मृति युवा शोधार्थी प्रेरणा पुरस्कार प्रैक्टिशनर एवं कृषि विषयों के शोधकर्ता डॉ. सोमिनाथ घोलवे (पुणे) को पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार समिति के संयोजक किशोर बेदकीहाळ, दाते स्मृति संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप दाते, उपाध्यक्ष प्रा. हाशम शेख, सचिव संजय इंगले तिगांवकर, संयुक्त सचिव डॉ. राजेंद्र मुंढे, हिरण्मय भोळे द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित रहे, ऐसा आवाहन किया गया है.





# वर्तमान में लोग पश्चिमी अवधारणाओं से बेखबर : कनेरकर

**वर्धा.**

वर्तमान में पश्चिमी अवधारणाओं से बेखबर। ऐसा लग रहा है कि सोसायटी में भीड़ उमड़ रही है युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग भी धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन कर परंपरा तोड़ते दिख रहे हैं, तो फिर हम अगली पीढ़ी को क्या देंगे...अभिनव विकास मंच इसी विचार पर मंथन कर परिवार में चेतना जगाता है। जनार्दन निखाड़े की स्मृति में परिवार जागरूकता कार्यक्रम 25 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे स्थानीय निखाड़े मंगल कार्यालय नंदोरी रोड पर आयोजित किया गया है।



लाखों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, प्रखर विचारक, युवा कीर्तनकार, प्रसिद्ध वक्ता सोपानदादा कनेरकर प्रबोधन जागर करने वाले है, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मार्गदर्शन करेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता यवतमाल अर्बन को-ऑ. बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. नितिन खर्चे उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस अवसर पर नवनियुक्त विधायक समीर कुणावार और निखाड़े परिवार का सत्कार किया जाएगा.

# खतरनाक चाइनीज मांजा जब्त

**अकोला.**

रामदास पेठ पुलिस ने खतरनाक चाइनीज मांजा जब्त कर दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मकर संक्रांति के मद्देनजर नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे चाइना मांझा का उपयोग न करें तथा इसे बेचने वालों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

अकोला में रामदास पेठ पुलिस ने चाइनीज मांझा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तेलीपुरा चौक स्थित गोल्डन काइट



सेंटर पर दोपहर 3 बजे की गई इस कार्रवाई में 28,500 रुपए कीमत का चाइना मांजा जब्त किया गया। पुलिस निरीक्षक मनोज बहुरे के नेतृत्व में आरोपी तेलीपुरा निवासी मुकीम अहमद और संतोष ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस उपनिरीक्षक नीलेश गायकवाड़, पुलिस कांस्टेबल शेख हसन, दादाराव टापरे, विजय सावडेकर और पुलिस कांस्टेबल शाम मोहले की टीम ने इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

चाइना मांजा बेहद खतरनाक है और इसके इस्तेमाल से मनुष्यों के साथ-साथ पक्षियों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाते है और रास्ते पर चलने वाले बाइक सवार लोगों के गले काटने के मामले भी सामने आए.

# कवरेज न होने लोगों की बढ़ी समस्या

## > कार्यों पर भी विपरीत परिणाम

**गोंदिया.** जिले के अनेक गांव में एकमात्र बीएसएनएल की सेवा है. लेकिन यहां पर कवरेज की समस्या काफी गंभीर हो गई है. जिसके कारण इस मोबाइल धारक पूरी तरह त्रस्त हो गए है. विशेषतः नेटवर्क नहीं होने के कारण विभिन्न कार्यों पर भी विपरीत परिणाम हो रहा है. विभिन्न गांवों में बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर लगाए गए है. लेकिन बीएसएनएल की अनियमित सेवा के चलते तहसील के मोबाईल धारकों को परेशानियां उठानी पड़ रही है. अनेक तहसील में बिजली आपूर्ति बंद होते हुए कवरेज भी गायब हो जाता है. गांवों को मिलनेवाली थ्री-जी सेवा भी केवल नामशेष है. वाईफाई का उपयोग किए बगैर नागरिकों को काम करना मुश्किल हो गया है. कुछ प्रमुख गांवों को छोड़ अन्य किसी भी गांव में मोबाइल टॉवर का निर्माण नहीं किया गया है. विशेषतः आखरी छोर बसे गांवों के नागरिकों के कवरेज पर निर्भर रहना पड़ रहा है. जिससे बीएसएनएल इस तहसील में दर्जेदार सेवा देने के लिए सेवा प्रभावी रूप से चलाए, ऐसी मांग नागरिकों ने की है.

# लहरी बाबा जयंती पर भजन स्पर्धा

**गोंदिया.**

## > जिले की करीब 25 टीमों ने लिया भाग

संत जयरामदास उर्फ लहरी बाबा की 102वीं जयंती समारोह के अंतर्गत संत श्री लहरी बाबा आश्रम संस्था (मध्यकाशी), कामठा के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला भजन प्रतियोगिता में गोंदिया, गड़चिरोली, चंद्रपुर भंडारा व नागपुर जिले की करीब 25 टीम ने भाग लिया. कलाकारों ने सुमधुर विभिन्न भक्ति गीत, भारुड़ और लहरी भजन गाए, प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था जिसमें पुरुष वर्ग से अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा भजन मंडल, विहिरगांव (गड़चिरोली) और जय लहरी महिला भजन मंडल, राका (गोंदिया) की टीम महिला वर्ग से विजयी रही.

इनके अलावा अखिल भारतीय गुरुदेव सेवा भजन मंडल, हीरापुर (चंद्रपुर), बाल गणेश वारकरी भजन मंडल (पांडरवानी), संत लहरी भजन मंडल (वडसा), ओम चैतन्य भजन मंडल (गोंदिया), जय लहरी शक्ति महिला भजन मंडल (गोंदिया) उपविजेता रहे. सभी विजेता टीमों को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए. इसके अलावा अविनाश राऊत, पुष्पा धोमने को सर्वश्रेष्ठ गायक, पद्माकर रुखमोड़े को सर्वश्रेष्ठ हारमोनियम वादक और विक्की बावनकर को सर्वश्रेष्ठ तबला वादक चुना गया.

प्रतियोगिता का उद्घाटन संस्था के पीठाधीश संत डा. खिलेश्वरनाथ उर्फ तुकडया बाबा व अध्यक्ष गोपाल बाबा की मुख्य उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता विजय बहेकर ने किया.

राहुल सपाटे और रामकृष्ण वाघाड़े निर्णायक थे. संचालन संजय तराल ने किया. संस्था सचिव गोविंद मेश्राम, कोषाध्यक्ष गोपाल मते, ट्रस्ट बोर्ड सदस्य संजय तराल, एड. संजय धोटे, नंदकिशोर शहारे, दीपक कुन्दनानी, विजय सातपुडे, आशीष कुरंभट्टी, मकरंद कुरंभट्टी, सोनू बारापात्रे, विजय बावनथड़े आदि ने सफलतार्थ प्रयास किया.

# यश इंगले का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन

**हिंगनघाट.** राष्ट्रीय युवा खेल महोत्सव का आयोजन 13 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक यवतमाल शहर में किया गया। खेल उत्सव में विभिन्न खेल शामिल थे, जिनमें मातोश्री मार्शल आर्ट क्लब के भारत विद्यालय हिंगनघाट के छात्र ताइक्वांडो, कक्षा 9 के यश गिरीश इंगले ने 38 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, और उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। नेपाल में आयोजित किया जाएगा. इस उपलब्धि के लिए अध्यक्ष गोकुलदास राठी उपाध्यक्ष श्याम भीमनवार सचिव रमेश धारकर और स्कूल के प्रिंसिपल राजू करवटकर वाइस प्रिंसिपल हरीश भट्टड़ पर्यवेक्षक विनोद नांदुरकर सुपरवाइजर सुश्री बुरीले मैडम खेल विभाग के प्रमुख विनोद कोसुरकर खेल शिक्षक संदीप चंभरे संजना चौधरी और सभी शिक्षक और गैर- स्कूल के शिक्षण स्टाफ और प्रशिक्षकः- गौरव खिराळे तायक्वोंडो एसोसिएशन ऑफ वर्धा के सचिव माननीय। श्याम खेमस्कर सर एवं प्रशिक्षकों एवं अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं सराहना की तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।




# खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

## > शहीद मिश्रा विद्यालय मैदान में आयोजन

**तिरोड़ा.**

जिला क्रीड़ा अधिकारी व जिला क्रीड़ा परिषद गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में गोंदिया जिला तीरंदाजी, वुशू, कराटे, थांगता, किक बॉक्सिंग व कबड्डी एसोसएशिन द्वारा 18वें शितकालीन विभिन्न खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहीद मिश्रा विद्यालय के मैदान में किया गया है. जिसमें पुलिस भर्ती पूर्व प्रशिक्षण, कमांडो प्रशिक्षण, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग, वुशु, कराटे, किक बॉक्सिंग, बैडमिंटन, एरोबिक्स, स्केटिंग, शतरंज, एथलेटिक्स, ऑप्टिकल्स और योग प्राणायाम का आयोजन किया जा रहा है.

बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए 18वें शीतकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भगवान हनुमानजी की मूर्ति को माल्यार्पण व अतिथियों के हाथों मशाल जलाकर किया गया. इस भव्य मशाल रैली में 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

जिसमें जनजागृति, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, पेड़ लगाओ, पेड़ जगाओ और जन जागरूकता के नारे लगाए गए.

उद्घाटन न्यायाधीश नरेश के. वालके की अध्यक्षता में उपविभागीय अधिकारी पूजा गायकवाड़ के हाथों किया गया.

अतिथि के रुप में दिवाणी न्यायाधीश व न्यायदंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डी.एम. वमने, वनपरिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र मुन, नप मुख्याधिकारी ऋतुंजय कांबले, पूर्व प्राचार्य संजीव कोलते, उमाकांत हारोडे, अशोक असाटी, राजेश गुनेरिया, एड. अजय यादव, दर्शन येरपुडे, मोहीत यादव, विशू गहेरवार, दिशांत पिंजारघरे आदि उपस्थित थे.

# परभणी मामले में आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग

## > संविधान का शिल्प नष्ट करने का प्रयास

**गोंदिया.**




परभणी में भारतीय संविधान का शिल्प नष्ट करने का प्रयास किया गया. इस घटना का निषेध कर मामले की गहन जांच करने की मांग की गई. घटना का निषेध कर राज्य शासन को निवेदन भेजा गया. पुलिस ने स्पष्टीकरण दिया है कि परभणी में गिरफ्तार किया गया आरोपी मानसिक रोगी है.

पुलिस के इस स्पष्टीकरण की जांच होनी चाहिए, पुलिस हिरासत में सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दंडित किया जाना चाहिए इस मांग को लेकर शासकीय व निमशासकीय सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन तहसील सड़क अर्जुनी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार जगदीश जांभुलकर को ज्ञापन सौंपा गया. प्रतिनिधिमंडल में अनिल मेश्राम, आर.वी. मेश्राम, दिलीप राऊत, अशोक गजभिये, भोजराज रामटेके, शामराव बडोले, प्रा. राजकुमार भगत आदि का समावेश है.

# नकद फसल के लिए मिर्च के उत्पादन की ओर रुख

**अर्जुनी मोरगांव.**

## > मिर्च फसल के लिए समर्थन मूल्य घोषित नहीं

अर्जुनी मोरगांव तहसील के केशोरी परिसर में बड़े पैमाने पर किसान मिर्च की पैदावार कर रहे हैं. इस क्षेत्र में धान के बाद किसान नकद फसल के रूप में मिर्च उत्पादन करते हैं. वर्तमान समय में वातावरण में हो रहे बदलाव के कारण फसल पर बीमारियों का प्रकोप होने के बावजूद आमतौर पर फसल अच्छी है. गोंदिया जिले में ही नहीं, बल्कि सारे राज्य में केशोरी गांव की पहचान लाल मिर्च के उत्पादक ग्राम के रूप में की जाती है. बारिश का मौसम खत्म होते ही इस क्षेत्र के किसान अक्टूबर माह में मिर्च की फसल लगाते हैं.

क्योंकि शासन द्वारा मिर्च की



फसल के लिए कोई समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया जाता. इस कारण निजी व्यापारियों के हाथों किसानों को अपनी फसल बेचनी पडती है.

किसान बडी उम्मीद के साथ पूरक व्यवसाय के रूप में मिर्च की फसल लगाते हैं. लेकिन उन्हें इसका अपेक्षा के अनुसार दाम नहीं मिल पाता. वर्तमान में केशोरी परिसर में जहां-तहां खेतों में मिर्च की फसल लहलहाती दिखाई पड़ रही है. मिर्च की फसल लगाने के पूर्व किसानों को जमीन की गोड़ाई करनी पड़ती है. इससे उसकी उपजाऊ क्षमता बढ़ जाती है. पानी जमीन में गहरे तक जाने के कारण पौधे तेजी से बढ़ते हैं.

वर्तमान में खेतों में लगे पौधों में फूल आने शुरू हो गए हैं और लगभग एक माह बाद फसल आने की उम्मीद जताई जा रही है. इस क्षेत्र के किसानों को मिर्च की फसल के उत्पादन से अतिरिक्त आय हो जाती है.

# सकल हिंदू समाज ने निकाली बाइक रैली

## > राष्ट्रपति के नाम उपविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**तिरोड़ा.**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में तिरोड़ा में हिंदू सगठनों ने जन आक्रोश बाइक रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा. पुराने नगर परिषद के सामने सकल हिंदू समाज के महिला, पुरुष व युवाओं ने भारत माता की आरती के पश्चात बाइक रैली की शुरुआत की.

जो बांगलादेश में हिंदू, बौद्ध, जैन और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए हाथ में भगवा ध्वज थामकर संपूर्ण शहर में एकता के नारे व भारत माता की जय नारे लगाते हुए बाईक पर



भ्रमण करते हुए उपविभागीय कार्यालय पहुंचकर उपविभागीय अधिकारी पूजा गायकवाड़ को राष्ट्रपति के नाम विविध मांगो का ज्ञापन सौंपा. इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के पदाधिकारी, स्वयंसेवक, विविध संघठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे. रैली में शहर ही नहीं ग्रामीण के सभी वर्गों के सभी पक्ष के नेता, कार्यकर्ता, डॉक्टर, व्यापारी, महिला, पुरुष व युवाओं ने स्वयं स्फूर्ति से भाग लिया. शहर के छोटे-बड़े सभी व्यापारियों ने स्वयं प्रेरित होकर अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे.

# निर्माण में नियोजन नहीं रहने से अशोक बोरकर की मृत्यु

## > ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करो अन्यथा होगा आंदोलन

## > राष्ट्रवादी प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले की मांग

**हिंगनघाट.**

राष्ट्रीय महामार्ग 322 हिंगनघाट-नंदोरी रोड पर भाकरेया रोड के पास दुर्घटना में अशोक बोरकर की मौके पर ही मौत हो गई, इस सड़क के ठेकेदार के खिलाफ मनुष्यवध हत्या का मामला दर्ज करने की मांग प्रदेश एनसीपी महासचिव अतुल वांदिले और मृत्य के बेटे विनोद बोरकर ने की है. राष्ट्रीय माहामार्ग 322 हिंगनघाट-नंदोरी रोड उचित स्थिति में नहीं थी और अशोक बोरकर दुर्घटना का शिकार हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एनसीपी के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले और मृत्य



के बेटों ने पुलिस स्टेशन हिंगनघाट में शिकायत दर्ज कराई है और इस सड़क के ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है. ठेकेदार की खराब प्लानिंग के कारण अशोक बोरकर की मौत हो गई. इस जगह पर पहले भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं. और इसमें उनकी मौत भी हो गई है. हिंगनघाट नंदोरी रोड का काम घटिया गुणवत्ता का है और उस काम की नियोजन भी सही नहीं है. इन सड़कों से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है और नागरिक गुस्से में हैं.

### काम की कोई योजना नहीं है

एनसीपी के प्रदेश महासचिव अतुल वांदीले ने पहल की और हिंगनघाट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अगर जनता परेशान है. और काम की कोई योजना नहीं है इसलिए इन सड़कों के ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज करें अन्यथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरेगी और विरोध प्रदर्शन प्रदेश करेगी यह ईशारा प्रदेश सरचिटनिस अतुल वांदीले ने दिया है.

# साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया



**वर्धा.** सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल, सत्याश्रम, बोरगाव मे बच्चो को सामाजिक संस्कार एवं साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया जिसमे स्कूल के 500 से अधिक बच्चों ने लाभ लिया। यह शिविर का उद्घाटन वर्धा शहर के थाना इंचार्ज पराग पोटे सर द्वारा किया गया।

इस शिविर मे मार्गदर्शन के लिए वर्धा शहर भरोसा सेल के पुलिस दीदी पथक के ए पी आय शुभांगी वाझे, साइबर सेल के ए पी आय सुमंतराज भुजबळ, हेड कास्टेबल मिना मैडम, स्मिता मैडम आदि ने बहुत ही सुन्दर ऑडियो एवं वीडियो के द्वारा मार्गदर्शित किया। इस शिविर मे नागपुर लायंस विजन क्लब के पदाधिकारी प्रशांत पांडे की भी उपस्थिती रही। मार्गदर्शन शिविर के लिए आये हुए अतिथियों का स्वागत स्कूल के संचालक विजय सत्याम, स्कूल कि प्राचार्या प्रीती विजय सत्याम एवं शिक्षको द्वारा किया गया। शिविर का संचालन स्कूल की शिक्षिका रेशमा थूल ने किया एवं आभार श्रद्धा संत ने किया।

# लीड संस्था ने किया शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन

**वर्धा.**

केडीएम पब्लिक स्कूल में शिक्षक विकास के लिए 'लीड' संस्था द्वारा एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन 'लीड' संस्था की समन्वयक, मोनिका बालानी ने किया। 'लीड' संस्था शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और सुधार के लिए प्रसिद्ध है। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को उनके नेतृत्व कौशल, विद्यालय के माहौल को सुधारने की तकनीक, और विद्यार्थियों से प्रभावी संवाद स्थापित करने के तरीके सिखाना है। मोनिका बालानी की मार्गदर्शन में इस कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न शैक्षिक पद्धतियों, तकनीकी उपकरणों और विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति को



बढ़ावा देने के लिए नए तरीके सिखाए गए। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शैक्षिक कौशल में सुधार करना और उन्हें नई-नई विधियों से और अधिक सक्षम बनाना था। इस कार्यशाला के माध्यम से, शिक्षकों ने नेतृत्व कौशल, टीमवर्क और विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से सिखाने की कला सीखी। इसने शिक्षक की कार्यक्षमता में वृद्धि की है और उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने शिक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा में नए दृष्टिकोण से सुधार करने के लिए प्रेरित किया है।कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यशाला को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना केडीएम पब्लिक स्कूल के प्रशासन द्वारा बनाई गई है।

# 'मोदी आवास' का काम पड़ा ठंडा

## > लाभार्थियों की सूची धूल में : ओबीसी, एसबीसी इंतजार में

**गोंदिया.**



अन्य पिछड़ा वर्ग संवर्ग के लाभार्थियों को सत्र 2023-24 से हक का घर देने वाली मोदी आवास योजना शुरू हुई. जिले में 2023-26 तक तीन वर्षों के लिए आवास योजना का लक्ष्य भी लाभार्थियों को को मिल गया है. पहले साल आवास योजना को मंजूरी मिली थी. लेकिन वर्ष समाप्त होने के साथ ही 2024-25 के लक्ष्य अभी भी पूरे नहीं हुए हैं. इससे नए पात्र लाभार्थियों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है. प्रधानमंत्री आवास योजना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को अपेक्षित न्याय नहीं मिल पाने के कारण राज्य भर में लाखों की संख्या में लाभार्थियों की सूची धूल में पड़ी हुई है. जिससे इस वर्ग के लाभार्थियों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है. इसलिए सरकार ने इस पर ध्यान देते हुए पिछले साल से मोदी आवास योजना शुरू की. जिले में लाखों ओबीसी लाभार्थियों के आवास प्रस्ताव रुके हुए थे. जिससे पिछले वर्ष से जिले को मोदी आवास योजना में घरकुलों का लक्ष्य मिला था. प्रारंभ में योजना को जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा के तहत तेजी से प्रक्रिया करते हुए सभी घरकुलों को मंजूरी दे दी गई और इन घरों का काम शुरू हो गया. लेकिन सरकार द्वारा इस मद की राशि पर रोक लगाये जाने के बाद लाभार्थियों में रोष व्याप्त हो गया.

**वित्तीय वर्ष के 9 महीने लक्ष्य पूरा नहीं**

लोकसभा चुनाव के बाद कुछ लाभार्थियों को सब्सिडी मिल गई जबकि घरकुल दूसरे, तीसरे और कुछ चौथे चरण में अटक गया. लेकिन अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में मोदी आवास के लक्ष्य को सरकार ने खारिज कर दिया है. सरकारी वित्तीय वर्ष शुरू हुए 9 महीने बीत चुके हैं. साल खत्म होने में तीन महीने बचे हैं और अभी भी मोदी आवास का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है. विधानसभा चुनाव के बाद आचार संहिता समाप्त हो गई. लेकिन मोदी आवास की नई आवासीय इकाइयों का लक्ष्य नहीं दिए जाने से गरीबों के घरुकलों की ओर सरकार ने अपनी आंखें क्यों मूंद ली हैं ऐसा सवाल लाभार्थियों द्वारा उपस्थित किया जा रहा है.

### इन लाभार्थियों का होगा योजना में समावेश

सूची 'डी' ओबीसी-एसबीसी लाभार्थी, ओबीसी-एसबीसी लाभार्थी जो सिस्टम द्वारा स्वचालित रूप से खारिज कर दिए गए हैं लेकिन पात्र ओबीसी, एसबीसी लाभार्थी जो बेघर हैं या जिनके पास कच्चे घर हैं, उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा. इस योजना में नाम शामिल करने के लिए लाभार्थियों को ग्राम पंचायत स्तर पर प्रक्रिया करनी होगी.

# लघु उद्योग भारती ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

## > समस्याओं के निराकरण की मांग

**सौंसर.**



औद्योगिक केंद्र के संगठन लघु उद्योग भारती ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर पांढुरना को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों में हो रही समस्याओं को उजागर करते हुए उनके निराकरण की मांग की। ज्ञापन में संगठन ने बताया कि लंबे समय से इन समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जा रहा है, जिनमें से कुछ समस्याओं का समाधान हुआ है, लेकिन कई अभी भी लंबित हैं। इनमें प्रमुख समस्या प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों पर फायर एनओसी की बाध्यता का लागू किया जाना है। 1 जनवरी से इसके तहत आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है। संगठन ने इस बाध्यता को समाप्त करने और नियमों को सरलीकरण करने की मांग की है। इसके लिए जिला और प्रदेश स्तर पर औद्योगिक संगठनों के सुझाव लेकर पुनर्विचार की बात कही गई है। संगठन ने यह भी बताया कि नगर निगम सीमा के तहत औद्योगिक क्षेत्र में एमपीआईडीसी और एमएसएमई द्वारा संधारण शुल्क लिया जाता है। साथ ही, नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स भी लिया जा रहा है, जो दोहरे कर के रूप में उद्यमियों पर अतिरिक्त भार डाल रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स को समाप्त करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा इसका आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन अब तक इस पर कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। संगठन ने बताया कि 6 अगस्त 2024 को देवास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आकस्मिक दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु पर बीएनएस-105 के स्थान पर बीएनएस-106 लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, आज तक गृहमंत्रालय की ओर से कोई पत्र जारी नहीं हुआ है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया या राहत प्रदान नहीं की गई तो जनवरी के पहले सप्ताह में लघु उद्योग भारती पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन करेगी।

# शराबियों के उपद्रव से छात्र और अभिभावक परेशान

## > स्कूल संचालक ने की शिकायत

**सौंसर.**



मोहगांव मार्ग स्थित शराब दुकान के सामने हर दिन शराबियों के जमावड़े और उपद्रव के कारण दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। सड़क पर शराबियों की हरकतों से स्थानीय लोग, विशेषकर छात्र और उनके अभिभावक परेशान हो रहे हैं।

शनिवार को संस्कार पब्लिक स्कूल के संचालक ने आबकारी विभाग और पुलिस को इस संबंध में शिकायत की। उन्होंने बताया कि शराब दुकान के सामने सड़क पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और स्टाफ को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शनिवार को एक शराबी की लापरवाही से मोटरसाइकिल की टक्कर में स्कूल की शिक्षिका श्वेता डबले और छात्र चरण सुनील अंबडकर घायल हो गए। संचालक ने बताया कि शराब दुकान विद्यालय के बेहद करीब स्थित है, और स्कूल के समय शराबियों द्वारा गाली-गलौज और अशांति फैलाई जाती है। स्कूल संचालक ने कहा कि शराब की दुकान के सामने कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं रहता। शराब पीने वालों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। विद्यालय की छुट्टी के समय छात्र-छात्राओं को साइकिल से घर जाते समय हर पल दुर्घटना का डर सताता है। स्कूल संचालक ने प्रशासन से तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मुख्य सड़क पर स्थित शराब दुकान के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। दुकान संचालक भी स्थिति को सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है।

# महिला नेतृत्व सम्मेलन में की सक्रिय भागीदारी

**सौंसर.**



जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा जिला पांढुर्ना की प्राध्यापिकाएं प्रो. अंजू नायडू, डीन, छात्र प्रशासन, और डॉ. मनीषा कवडकर, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ फार्मेसी तथा डीन, सेंटर फॉर कंटीन्यूअस एंड लाइफलॉन्ग लर्निंग, ने 13 दिसंबर 2024 को आई.आई.टी. दिल्ली के डोगरा हॉल में आयोजित कार्यक्रम मे "महिला नेता: अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विकसित भारत @2047" में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। उन्होंने राष्ट्र के शैक्षणिक परिदृश्य को आकार देने और विक्षित भारत @2047 की दृष्टि को साकार करने में महिला नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

विश्वविद्यालय के डॉ. मनीषा कवडकर ने कहा, "चर्चाएँ अत्यंत ज्ञानवर्धक थीं और हमारे नेतृत्व को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। समावेशिता और शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण को देखकर प्रेरणा मिली, और हम इन विचारों को हमारे विश्वविद्यालय परिसर में लागू करने के लिए उत्साहित हैं।"

साथ ही प्रोफेसर अंजू नायडू ने कहा कि, "यह कार्यक्रम प्रेरणादायक महिला नेताओं से जुड़ने और अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सहयोगी अवसर तलाशने का एक उत्कृष्ट मंच था।"

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना, समावेश को प्रोत्साहित करना, और भारत के शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। प्रो. अंजू नायडू और डॉ. मनीषा कवडकर ने इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिसमें नेतृत्व रणनीतियां, समावेशी नीतियां, और शिक्षा में प्रशासनिक कार्यों को बेहतर बनाया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में देश भर से उच्च शिक्षा क्षेत्र की प्रतिष्ठित महिला नेत्रीयो ने भाग लिया। सम्मेलन मे महिलाओं को अपनी क्षमता पहचानने और नेतृत्व के क्षेत्र में नई दिशाएं खोजने का अवसर दिया। प्रतिभागियों ने एक-दूसरे से सीखने और आपसी सहयोग को बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "विकसित भारत @ 2047" के विजन को साकार करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देना था। इस सम्मेलन ने महिलाओं को प्रेरित किया कि वे भारत के शैक्षिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दें और इसे वैश्विक स्तर पर एक नई ऊंचाई पर पहुंचाएं।

इस ऐतिहासिक आयोजन ने महिला नेतृत्व और शैक्षिक विकास के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. अंजू नायडू और डॉ. मनीषा कवडकर की भागीदारी ने न केवल यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया, बल्कि इस क्षेत्र में उनके सक्रिय योगदान को भी रेखांकित किया।

## भैयाजी महाराज रचित प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन सप्ताह आरंभ

**सौंसर.** मातोश्री केसर चांडक भवन सौसर पुरानी नगर पालिका के पास प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैयाजी महाराज ताज़ आनंद आश्रम सावंगी द्वारा रचित अध्यात्म पर प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन सप्ताह को कलश पूजन के साथ शालिनी दामोदर बुधालिया विश्वस्थ ताज आनंद आश्रम सावंगी की प्रमुख उपस्थिति में शुरू हुआ. जिसमें प्रवचनकार हरिभक्त परायन एकनाथ गोलकर महाराज आलंदी ने अपने मुखारविंद से महाराज द्वारा रचित प्रार्थना स्तोत्र की ओवी कायवानु मी पामर, निर्गुण नी निराकार ब्रह्मा विष्णु महेश्वर, पारन पावती तया च्या उपरोक्त ओवी को समझाते हुए गुरु की महिमा का बखान किया. प्रवचन सप्ताह दिनांक 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक सुबह 10:00 से 12:30 एवं शाम को 6:00 से 9:00 बजे तक होगा. प्रवचन सप्ताह का समापन दही लाही काले के कीर्तन के साथ दिनांक 27 दिसंबर 2024 को होगा. सच्चिदानंद मंडल सौसर द्वारा आयोजित इस प्रवचन सप्ताह में मंडल ने भविको से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ लेने की अपील की है.

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेल प्रतियोगिता

**गोंदिया.**

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिन जिला समाज कल्याण, जिला परिषद, गोंदिया व जिले में कार्यरत दिव्यांग व्यक्तियों के अनुदानित/ गैर अनुदानित/ स्थायी अनुदान प्राप्त विद्यालयों/ कार्यशालाओं के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया गया. इसमें दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी स्टेडियम से डा. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा तक प्रभातफेरी का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन जिप समाज कल्याण समिति सभापति पूजा सेठ, जिप सीईओ मुरुगानंथम, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप खोटेले ने किया व दिव्यांग विद्यार्थियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की. रैली में गोंदिया जिले के आठ दिव्यांग विद्यालयों के कुल 210 दिव्यांग विद्यार्थियों ने भाग लिया.

उसके बाद पुलिस मुख्यालय कारंजा में जिले के दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिप समाज कल्याण | समिति सभापति पूजा सेठ, जिलाधीश प्रजीत नायर, जिप सीईओ मुरुगानंथम और पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे उपस्थित थे. दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के कुल आठ विशेष विद्यालयों ने भाग लिया. इस अवसर पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. जिसमें दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

### बच्चों के अभिभावकों की सभा आयोजित की गई

दूसरे दिन पुलिस मुख्यालय मैदान कारंजा में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. उद्घाटन अवसर पर जिप समाज कल्याण समिति सभापति पूजा सेठ, समाज कल्याण समिति के सदस्य हनुवंत वटी, छबु उके और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप की अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमिला जाखलेकर उपस्थित थे.

